# प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र (प्रथम सत्र) 2026-27

## डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, दिल्ली – एन.सी.आर.
## कक्षा–पाँचवीं
## विषय-हिंदी

**समय सीमा – 2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक – 60 अंक**

**सामान्य निर्देश:-**

- प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- 'क', 'ख', 'ग', 'घ' | सभी खंड अनिवार्य हैं|
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
- उत्तरपुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न पत्र में दी गई है।
- बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर उनके सही विकल्प तथा पूर्ण उत्तर के साथ लिखिए|
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 5 पृष्ठ हैं तथा 16 प्रश्न हैं|
- प्रश्न-पत्र के पठन हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है|

**खंड – 'क' (अपठित बोध)**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर लिखिए- 4

मनुष्य सभी जीवों में श्रेष्ठ माना जाता है। उसके शरीर की बनावट ने उसे श्रेष्ठ बनाया है। उसका मस्तिष्क एक जादू की दुनिया के समान है| यह जो चाहे कर सकता है। परंतु संसार में कुछ ऐसे मनुष्य भी हैं जिनकी शारीरिक आकृति तो हम सब के समान है, परंतु मस्तिष्क का विकास पूरी तरह नहीं हो पाया है। इस कारण वे सभी कार्य हमारी तरह नहीं कर पाते। उनका उठना-बैठना, पढ़ना-लिखना आदि सभी कुछ पूरी तरह से उनके नियंत्रण में नहीं होता। उनका व्यवहार असामान्य - सा लगता है। परंतु उनमें भी भावनाएँ और विचार होते हैं। अतः हमें उनके प्रति अपने विचारों में परिवर्तन लाना होगा। कई बार देखा गया है कि बच्चे ऐसे लोगों का मज़ाक बनाते हैं, हँसते हैं और बुरा व्यवहार करते हैं। हमें इस धारणा को बदलना होगा। ऐसे लोगों को अपने जैसा समझते हुए व्यवहार करना व उन्हें समाज का मुख्य अंग बनाना हमारी ज़िम्मेदारी है |

(i) मनुष्य के शरीर का कौन - सा अंग उसे सभी जीवों में श्रेष्ठ बनाता है?

(A) सिर (B) हृदय

(C) फेफड़े (D) मस्तिष्क

(ii) शारीरिक आकृति समान होने के बावजूद कुछ लोगो में क्या कमी होती है ?

(A) मस्तिष्क का विकास न होना (B) मांसपेशियाँ मज़बूत न होना

(C) नए – नए रोग लगना (D) अंगों का विकसित न होना

(iii) सब कुछ पूरी तरह नियंत्रण में न होने पर मनुष्य का व्यवहार कैसा लगता है ?

(A) असामान्य (B)आकर्षक

(C) सहज (D) प्रभावी

(iv) मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के प्रति हमारी क्या ज़िम्मेदारी है ?

(A) उनके साथ दया भाव नहीं रखना चाहिए। (B) उनका मज़ाक बनाना चाहिए।

(C) अपने जैसा समझकर व्यवहार करना चाहिए। (D) उन्हें स्वीकार नहीं करना चाहिए।

## खंड- 'ख' (व्याकरण)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -

(i) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार या अनुनासिक लगाइए- 1

(क) प्रशसा (ख) करूगा

(ii) 'होश उड़ जाना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए- 1

(iii) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर नुक्ता लगाइए- 1

(क) जमीन (ख) सफाई

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द को छाँटकर लिखिए– 1

(क) कुम्हार मिट्टी के घड़े बना रहा है |

(ख) सरिता बाज़ार से सामान लाई |

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए-

(i) निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कीजिए- 1

(क) टक (ख) वषा

(ii) 'सुरेन्द्र बहुत आज्ञाकारी लड़का है |' वाक्य में विशेषण और विशेष्य पहचानकर लिखिए- 1

(iii) दिए गए वाक्यों को उचित सर्वनाम शब्दों द्वारा पूरा कीजिए- 2

(क) दसवीं की परीक्षा में ……….. अच्छे अंक आए ।

(ख) गरमी की छुट्टियों में …………शिमला घूमने गए |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -

(i) दिए गए वाक्य में रेखांकित संज्ञा शब्द का भेद बताइए - 2

(क) महात्मा गाँधी ने देश को आज़ादी दिलाई।|

(ii) 'वृक्ष' और 'घर' शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - 2

(iii) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर काल का भेद लिखिए - 2

(क) घर में सबने खाना खा लिया ।

(ख) रोहन मैदान में फुटबॉल से खेल रहा है ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -

(i) दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए- 2

(क) परीक्षा (ख) मूर्ति

(ii) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - 2

(क) सुंदर (ख) रात

(iii) निम्नलिखित <u>उपसर्ग/प्रत्यय</u> में उचित शब्द जोड़कर नए शब्द बनाइए - 2

(क) चित्र +.......... = ................

(ख) ............... + यश = ...............

**खंड – 'ग' (पाठ्य-पुस्तक)**

6. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए- 4

सरदार पटेल का जीवन त्याग और दृढ़ता की अद्भुत कहानी है। देश के अधिकांश राज्यों की कांग्रेस समितियाँ सरदार पटेल को स्वतंत्र भारत का प्रथम प्रधानमंत्री बनाना चाहती थीं। गाँधी जी जवाहर लाल नेहरू के पक्षधर थे। सरदार पटेल ने देश के हित में गाँधी जी की बात मान ली। 15 अगस्त 1947 को देश स्वतंत्र हुआ। स्वतंत्रता के साथ-साथ धर्म के नाम पर देश का बँटवारा हुआ। बँटवारे के साथ ही अंग्रेज़ों ने भारतीय रियासतों को भी स्वतंत्र कर दिया। इन रियासतों की संख्या 562 थीं । इनमें से कुछ पाकिस्तान में विलय चाहती थीं, कुछ भारत में तथा कुछ स्वतंत्र रहना चाहती थीं। इस समस्या के समाधान की ज़िम्मेदारी सरदार पटेल को सौंपी गई। उन्होंने प्रेम, दृढ़ता और संकल्प शक्ति से उन रियासतों को भारत में विलय के लिए मना लिया। उनके प्रयासों से एक नए और सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण हुआ। 15 दिसम्बर 1950 को भारत माँ का यह सपूत चिर निद्रा में सो गया। उनकी महानता और लौह के समान दृढ़ता के लिए देश उन्हें याद करता है।

i) देश के राज्यों की कांग्रेस समितियाँ सरदार पटेल को क्या पद देना चाहती थीं ?

(A) लौह पुरुष का (B)प्रधानमंत्री का

(C) राष्ट्रपति का (D) उपप्रधानमंत्री का

(ii) स्वतंत्रता के साथ-साथ देश को और क्या मिला ?

(A) राजनीति का खेल (B)विकास और स्वराज

(C) अमन और शांति (D) धर्म के नाम पर बँटवारा

(iii) सरदार पटेल ने सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण किस प्रकार किया ?

(A) देश का प्रधानमंत्री बनकर (B) गाँधीजी का अनुसरण करके

(C) रियासतों को भारत में विलय करके (D) वकालत की पढ़ाई करके

(iv) सरदार पटेल का देहांत कब हुआ ?

(A) 15 दिसंबर 1950 (B)25 दिसंबर 1950

(C) 15 जनवरी 1950 (D) 15 सितंबर 1950

7. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए - 3

नदी यहाँ पर मुड़ती है
फिर चलती ही जाती है
चलते-चलते सागर को
आखिर में वह पाती है

मिलती लंबी राह उसे
देती है सबको पानी
सींच-सींचकर खेतों को
फसल बनाती है धानी

चलती किसी जगह सीधी
टेढ़ी होती कहीं-कहीं
कहीं करारों में छिपती
मैदानों में आती है

लहर उठाती जाती है
लेकिन थकती कहीं नहीं
खेल खेलती लुका-छिपी
बिलकुल ही खो जाती है

(i) नदी किस प्रकार चलती है ?

(A) लहरा - लहराकर चलती है |
(B) बिलकुल सीधी चलती है |
(C) कहीं सीधी और कहीं टेढ़ी चलती है
(D) रुक-रुककर चलती है |

(ii) नदी फसलों को किस प्रकार धानी बनाती है ?

(A) फसलों में खाद डालकर
(B) खेतों को सींचकर
(C) खेतों में बीज डालकर
(D) खेतों में हल चलाकर

(iii) नदी कौन - सा खेल खेलती है ?

(A) गिल्ली-डंडा
(B)पकड़म-पकड़ाई
(C) लुका-छिपी
(D) आँख मिचौनी

8. निम्नलिखित प्रश्नों (<u>किन्हीं तीन</u>) के उत्तर दीजिए । 2 x 3 = 6

(i) आँगन में हाथी को गिरा देख माँ ने क्या कहा ?
(ii) पेड़ किस समय और कैसे खाना खाएँगे ?
(iii) बिरसा मुंडा ने अंग्रेज़ी शासन के विरोध में कौन-कौन से कार्य किए ?
(iv) सुलतान होजा को क्या बनाना चाहता था और क्यों ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों (<u>किन्हीं तीन</u>) के उत्तर एक वाक्य में दीजिए- 1 x 3 = 3

(i) रात को पेड़ किसके सपनों में खो जाते है ?
(ii) अजंता की गुफाएँ किसके लिए बनवाई गईं ?
(iii) मुखजोर सिंह क्यों भाग गया ?
(iv) बिरसा विद्रोह को और किस नाम से जाना जाता है ?

10. निम्नलिखित कथन किसने किससे कहा- 1

आओ होजा आओ | मैं तो बड़ा परेशान हूँ |

11. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान भरकर वाक्य पूर्ण कीजिए| 1x 2 = 2

(i) धरतीपटक सिंह ने रास्ते में रुककर एक ............................पर खाना खाया

(ii) अजंता की गुफाओं में सबसे अधिक ...............रंग का प्रयोग हुआ है ?

12. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए - 1 x 2 = 2

(i) विद्रोह (ii) रमणीक

13. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही/गलत लिखिए - 1 x 2 = 2

(i) अजंता में बने चित्रों के रंग खनिजों से बने हैं |

(ii) बग़दाद के सुलतान की समस्या को अकलमंद दरबारियों ने सुलझाया |

## खंड – 'घ' (रचनात्मक लेखन)

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 70 से 80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- 4

(i) पेड़ों का महत्व

- पेड़ों का जीवन में महत्व
- काटने से होने वाले नुकसान
- संरक्षण हेतु उपाय

(ii) समय का सदुपयोग

- जीवन में समय का महत्व
- दुरूपयोग से होने वाली हानियाँ
- समय का सदुपयोग ही सफलता की कुंजी

15. नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय का चयन कर पत्र लिखिए - 5

(i) अपने छोटे भाई को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।

(ii) अपने मित्र को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेने का सुझाव देते हुए पत्र लिखिए

16. दिए गए चित्र को देखकर अपने मन के भावों को अनुच्छेद (50-60 शब्द) के रूप में लिखिए| 4

